# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 03.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान संवाद, हिन्दुस्तान, आज, राष्ट्रीय सहारा, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 03.09.2024

# पुलिस 530 सील भवनों में निर्माण रोकने में फेल

## विकास प्राधिकरण ने पिछले पांच वर्ष में बनारस में 495 और चंदौली में 35 भवनों को किया था सील

जेपी पांडेय • जागरण

वाराणसी : अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के जोनल अधिकारी और अवर अभियंता सीना चौड़ा करते रहे लेकिन उनमें निर्माण बंद नहीं हुआ। भवन स्वामी चोरी-छिपे निर्माण करते रहे। पिछले पांच वर्षों में 495 भवन बनारस में और चंदौली जिले में सील 35 भवनों का विकास प्राधिकरण ने सर्वे कराया तो ज्यादातर में निर्माण मिला। इसे गंभीरता से लेते हुए वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने पुलिस आयुक्त और चंदौली जिले के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। कहा है कि बिना पुलिस सहयोग के अवैध निर्माण को रोका नहीं जा सकता है। वीडीए सहयोग के लिए आपके साथ है।

विकास प्राधिकरण अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ भवनों को सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप देता है। उसके साथ ही वीडीए यह मान लेता है कि अब वहां अवैध निर्माण नहीं होगा लेकिन वीडीए का भ्रम टूट गया। इसकी सूचना मिलने पर वीडीए उपाध्यक्ष ने अपने स्तर से जांच कराई तो ज्यादातर भवनों में निर्माण जारी रहा। हालत यह थी कि बेसमेंट में सील भवन चार से पांच मंजिल बन गई। उसमें आबाद होने के साथ कई में कारोबार भी कर रहे हैं। वीडीए उपाध्यक्ष ने जोनल अधिकारी और अवर अभियंता से पूछा तो वे कोई जवाब नहीं दे सके। संयुक्त सचिव व भवन प्रभारी परमानंद यादव ने सभी वार्डों में सील भवनों की सूची बनाई है।

- वीडीए उपाध्यक्ष ने जांच कराई तो ज्यादातर भवनों में निर्माण मिले जारी
- पुलिस आयुक्त और चंदौली एसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई का किया अनुरोध



"अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वीडीए भवनों को सील कर पुलिस अभिरक्षा मे सौंप देता है। यह मान लिया जाता है कि उनमें निर्माण नहीं होगा। उनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा गया है जो सील भवन मे बिना आदेश दोबारा निर्माण कराए हैं। साथ ही मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

– पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए

| थाना | सील भवन |
|---|---|
| कैंट | 47 |
| शिवपुर | 77 |
| सिगरा | 32 |
| बड़ागांव | 23 |
| आदमपुर | 15 |
| जैतपुरा | 11 |
| सारनाथ | 21 |
| चौबेपुर | 02 |
| लालपुर | 05 |
| कोतवाली | 11 |
| चेतगंज | 07 |
| दशाश्वमेध | 09 |
| लक्सा | 03 |
| मंडुवाडीह | 24 |
| रोहनिया | 33 |
| लोहता | 02 |
| चौक | 27 |
| भेलूपुर | 42 |
| चितईपुर | 18 |
| लंका | 62 |
| रामनगर | 18 |
| लालपुर पांडेयपुर | 06 |

**चंदौली जिले में**

| थाना | भवन |
|---|---|
| मुगलसराय | 23 |
| अलीनगर | 12 |

## अमर उजाला–दि0 03.09.2024

# अवैध निर्माण को किया गया सील

**वाराणसी।** वीडीए वीसी पुलकित गर्ग ने बताया कि जोन-4 में प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। भेलूपुर में डॉ. विवेक श्रीवास्तव बिना मानचित्र स्वीकृत कराए बिना निर्माण किया जा रहा था। उनके खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की गई। इस दौरान जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी, अवर अभियंता राकेश कुमार सिंह मौजूद रहे। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान संवाद–दि0 03.09.2024

# दुकानदारों को दिया आवंटन पत्र

नियामताबाद, हिन्दुस्तान संवाद। वाराणसी विकास प्राधिकरण के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में औद्योगिक नगर फेज एक स्थित रामनगर आवासीय योजना में सोमवार को शिविर लगाया गया।

शिविर का शुभारंभ मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल, वीडीए बोर्ड सदस्य अम्बरीष सिंह भोला और सचिव डॉ वेदप्रकाश मिश्रा ने पौधरोपण और दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें कई आपत्तियों का निस्तारण किया गया। वहीं लोगों को प्राधिकरण की कार्य योजना के बारे में जानकारी दी गई। विधायक रमेश जायसवाल ने कहा वीडीए की ओर से आयोजित सेवा सप्ताह में नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण काफी सराहनीय है। इससे लोगों को काफी सहूलियत हो रही है। वीडीए अपनी कार्यशैली और लोगों की समस्याओं के प्रति काफी संजीदगी से कार्य करता है। वहीं वीडीए बोर्ड सदस्य अम्बरीष सिंह भोला ने कहा कि प्राधिकरण की सभी सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इससे लोगों को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ता है। अब मानचित्र सहित अन्य कार्य भी ऑनलाइन ही हो रहे हैं। इससे घर बैठे ही सारी सुविधा मिल रही है।



औद्योगिक नगर फेज एक स्थित रामनगर में सोमवार को आयोजित शिविर में लाभार्थी को आवंटन पत्र देते विधायक रमेश जायसवाल और अंबरीष सिंह भोला। • हिन्दुस्तान

■ रामनगर आवासीय योजना में शिविर का किया गया आयोजन

सचिव डॉ वेदप्रकाश मिश्रा ने कहा वीडीए वाराणसी के सुनियोजित, सुव्यवस्थित व सुदृढ़ विकास के लिए सतत प्रयासरत है। वाराणसी विकास प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। जिसमें योजनाबद्ध तरीके से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना शामिल है। कहा कि अब लोग अपनी भू प्रयोग सम्बंधित जानकारी घर बैठे वीडीए की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में तीन शमन मानचित्र स्वीकृत किए गए। वहीं चार लाभार्थी दुकानदारों को आवंटन पत्र दिया गया। 25 नोटिसों के प्रकरण की सुनवाई की गई। इस मौके पर अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश दुबे, जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार रहे।

## हिन्दुस्तान–दि0 03.09.2024


# दुकानदारों को दिया आवंटन पत्र

नियामताबाद, हिन्दुस्तान संवाद। वाराणसी विकास प्राधिकरण के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में औद्योगिक नगर फेज एक स्थित रामनगर आवासीय योजना में सोमवार को शिविर लगाया गया।

शिविर का शुभारंभ मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल, वीडीए बोर्ड सदस्य अम्बरीष सिंह भोला और सचिव डॉ वेदप्रकाश मिश्रा ने पौधरोपण और दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें कई आपत्तियों का निस्तारण किया गया। वहीं लोगों को प्राधिकरण की कार्य योजना के बारे में जानकारी दी गई। विधायक रमेश जायसवाल ने कहा वीडीए की ओर से आयोजित सेवा सप्ताह में नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण काफी सराहनीय है। इससे लोगों को काफी सहूलियत हो रही है। वीडीए अपनी कार्यशैली और लोगों की समस्याओं के प्रति काफी संजीदगी से कार्य करता है। वहीं वीडीए बोर्ड सदस्य अम्बरीष सिंह भोला ने कहा कि प्राधिकरण की सभी सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इससे लोगों को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ता है। अब मानचित्र सहित अन्य कार्य भी ऑनलाइन ही हो रहे हैं। इससे घर बैठे ही सारी सुविधा मिल रही है।





औद्योगिक नगर फेज एक स्थित रामनगर में सोमवार को आयोजित शिविर में लाभार्थी को आवंटन पत्र देते विधायक रमेश जायसवाल और अंबरीष सिंह भोला। • हिन्दुस्तान

■ रामनगर आवासीय योजना में शिविर का किया गया आयोजन

सचिव डॉ वेदप्रकाश मिश्रा ने कहा वीडीए वाराणसी के सुनियोजित, सुव्यवस्थित व सुदृढ़ विकास के लिए सतत प्रयासरत है। वाराणसी विकास प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। जिसमें योजनाबद्ध तरीके से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना शामिल है। कहा कि अब लोग अपनी भू प्रयोग सम्बंधित जानकारी घर बैठे वीडीए की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में तीन शमन मानचित्र स्वीकृत किए गए। वहीं चार लाभार्थी दुकानदारों को आवंटन पत्र दिया गया। 25 नोटिसों के प्रकरण की सुनवाई की गई। इस मौके पर अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश दुबे, जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार रहे।

## आज–दि0 03.09.2024

# मानक के विपरीत संचालित आधा दर्जन होटल बन्द

## एडीएम प्रोटोकाल की निगरानी में टीम ने की कारवाई

शहरी क्षेत्रों में मानक के विरुद्ध बिना पंजीकरण चल रहे छः होटलों पर कारवाई करते हुए एडीएम प्रोटोकाल ने इसे बन्द कराने का निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी प्रोटोकाल की अध्यक्षता में सोमवार को नगर मजिस्ट्रेट, जोनल अधिकारी (वीडीए), अग्निशमन सुरक्षा अधिकारी, पर्यटन सूचना अधिकारी, नगर निगम एवं पुलिस अधिकारी की टीम ने कई होटलों की जांच की। जिसमें तीन होटल दशाश्वमेध स्थित होटल अगस्तों, गोदौलिया स्थित होटल गार्डेन इन तथा होटल नमस्ते बनारस अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये बगैर ही संचालित होते पाया गया। वहीं तीन होटल जिसमें गोदौलिया चौराहा स्थित होटल मंगल मारुति, होटल द बनारस तथा होटल एम.के. ग्राण्ड बिना पंजीकरण एवं अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्राप्त किये बगैर चलते पाया गया। इस पर मौजूद टीम ने मौके पर ही उक्त सभी छह होटलों को बन्द करा दिया साथ ही निर्देश दिया गया कि वे कोई बुकिंग न करें। साथ ही चेताया कि सराय एक्ट में पंजीकरण एवं अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के बाद ही होटल का संचालन हो सकेगा।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 03.09.2024

# वीडीए ने सील किये दो अवैध निर्माण

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर वीडीए की जोन-4 की प्रवर्तन टीम ने सोमवार को अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही की। भेलुपुर वार्ड के अंतर्गत लालजी, मौजा-श्रीराम नगर कॉलोनी, ककरमत्ता बजरडीहा में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माणकर्ता द्वारा स्थल पर चोरी छिपके रात्रि निर्माण किया जा रहा था, पीलर खड़े करते हुए सरियों एवं सटरिंग का कार्य किये जाने पर नोटिस की कार्यवाही की गयी थी, निर्माणकर्ता स्थल पर चोरी-छिपे रात्रि में निर्माण करा रहा था उक्त अनाधिकृत निर्माण को सील कर थाना भेलूपुर की निगरानी में सौंप दिया गया।

वहीं दूसरी तरफ भेलुपुर वार्ड के अंतर्गत डॉ. विवेक श्रीवास्तव मौजा- अक्लेशपुर, अमरा में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निमार्णकर्ता द्वारा स्थल पर चोरी से रात्रि में निर्माण किया जा रहा था, पीलर खड़े करते हुए सरियों एवं सटरिंग का कार्य किये जाने पर नोटिस की कार्यवाही की गयी थी, निर्माणकर्ता की तरफ से स्थल पर चोरी छिपके रात्रि निर्माण किया जा रहा था उक्त अनाधिकृत निर्माण को सील कर थाना भेलूपुर की निगरानी में सौंप दिया गया।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 03.09.2024

# वाराणसी विकास प्राधिकरण ने किया सेवा सप्ताह का आयोजन

वाराणसी। विकास प्राधिकरण अपने 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती के रूप में प्राधिकरण सेवा सप्ताह का आयोजन लगातार कर रहा है। प्राधिकरण सेवा सप्ताह के सप्तम दिवस के अंतर्गत रामनगर आवासीय योजना में कैंप लगाकर जनता की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया व उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि रमेश जायसवाल विधायक मुगलसराय, विशिष्ट अतिथि अम्बरीश सिंह भोला सदस्य प्राधिकरण बोर्ड उपस्थित रहें। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। जिसके उपरांत सचिव द्वारा सर्वप्रथम मंच से उपस्थित जनता को कैम्प के बारे में जानकारी दी गयी तथा बताया गया कि वी0डी0ए0 वाराणसी के सुनियोजित, सुव्यवस्थित व सुदृढ़ विकास हेतु सतत् प्रयासरत हैं। वाराणसी विकास प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है, जिसमें योजनाबद्ध तरीके से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना शामिल है। इसी के साथ जनता को अवगत कराया गया कि वह अपना भू-प्रयोग सम्बंधित जानकारी घर बैठे वी0डी0ए0 की वेबसाइट www.vdavns.com से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य अतिथि रमेश जायसवाल द्वारा अपना मंतव्य व्यक्त करते हुए प्राधिकरण द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के कार्य की सराहना की गयी। वी0डी0ए0 द्वारा भू प्रयोग जाँच करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से सरल बनाना एवं मानचित्र सुविधा सेल के गठन जैसे कार्यों के लिए वी0डी0ए0 टीम की प्रशंसा की गयी। उक्त के क्रम में विशिष्ट अतिथि अम्बरीश सिंह भोला द्वारा प्राधिकरण द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के कार्य व प्राधिकरण द्वारा भू प्रयोग के ऑनलाइन पहल की सराहना की गयी। मुख्य अतिथि द्वारा पौध रोपण किया गया एवं उपस्थित जनता में पौध रोपण हेतु पौधे वितरित किये गये। आयोजित कैम्प में उपस्थित अतिथियों का वी0डी0ए0 सचिव द्वारा शाल, प्राधिकरण स्मृति चिन्ह तथा पौधा देकर सम्मानित किया गया।

संपति अधिकारी श्री राजीव जायसवाल द्वारा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश दुबे जोनल अधिकारी (जोन-5 ) श्री प्रकाश कुमार अवर अभियंता पी0 एन0 दुबे व वी0डी0ए0 टीम उपस्थित रही। उक्त सेवा कैम्प में प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागों जैसे संपत्ति, नियोजन, निर्माण, मानचित्र एवं भवन अनुभाग के द्वारा जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। आगंतुक जनता को प्राधिकरण की रिक्त संपत्तियों के सन्दर्भ में जानकारी दी गयी।

## न्यायाधीश–दि0 03.09.2024

# प्राधिकरण सेवा सप्ताह के सातवें दिन रामनगर आवासीय योजना में कैंप लगाकर जनशिकायतों का किया गया निस्तारण



वाराणसी। अपने 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती के रूप में प्राधिकरण सेवा सप्ताह का आयोजन वाकिप्रा लगातार कर रहा है, जिसके क्रम में 02 सितम्बर को प्राधिकरण सेवा सप्ताह के सप्तम दिवस के अंतर्गत रामनगर आवासीय योजना में कैंप लगाकर जनता की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि रमेश जायसवाल विधायक मुगलसराय, विशिष्ट अतिथि अम्बरीश सिंह भोला सदस्य प्राधिकरण बोर्ड उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। जिसके उपरांत सचिव द्वारा सर्वप्रथम मंच से उपस्थित जनता को कैम्प के बारे में जानकारी दी गयी तथा बताया गया कि वी0डी0ए0 वाराणसी के सुनियोजित, सुव्यवस्थित व सुदृढ़ विकास हेतु सतत प्रयासरत है। वाराणसी विकास प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है, जिसमें योजनाबद्ध तरीके से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना शामिल है। इसी के साथ जनता को अवगत कराया गया कि वह अपना भू-प्रयोग सम्बंधित जानकारी घर बैठे वी0डी0ए0 की वेबसाइट www.vdavns.com से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य अतिथि श्री रमेश जायसवाल द्वारा अपना मंतव्य व्यक्त करते हुए प्राधिकरण द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के कार्य की सराहना की गयी। वी0डी0ए0 द्वारा भू प्रयोग जाँच करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से सरल बनाना एवं मानचित्र सुविधा सेल के गठन जैसे कार्यों के लिए वी0डी0ए0 टीम की प्रशंसा की गयी। उक्त के क्रम में विशिष्ट अतिथि श्री अम्बरीश सिंह भोला द्वारा प्राधिकरण द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के कार्य व प्राधिकरण द्वारा भू प्रयोग के ऑनलाइन पहल की सराहना की गयी। मुख्य अतिथि द्वारा पौध रोपण किया गया एवं उपस्थित जनता में पौध रोपण हेतु पौधे वितरित किये गये। आयोजित कैम्प में उपस्थित अतिथियों का वी0डी0ए0 सचिव द्वारा शाल, प्राधिकरण स्मृति चिन्ह तथा पौधा देकर सम्मानित किया गया। संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल द्वारा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश दुबे जोनल अधिकारी (जोन-5) श्री प्रकाश कुमार अवर अभियंता पी0 एन0 दुबे व वी0डी0ए0 टीम उपस्थित रही। उक्त सेवा कैम्प में प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागों जैसे संपत्ति, नियोजन, निर्माण, मानचित्र एवं भवन अनुभाग के द्वारा जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। आगंतुक जनता को प्राधिकरण की रिक्त संपत्तियों के सन्दर्भ में जानकारी दी गयी। इसके अलावा भवन एवं मानचित्र अनुभाग द्वारा कैम्प अवधि में 03 शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। श्री लक्ष्मी नारायण निवासी टेंगरा मोड़ द्वारा प्रस्तुत शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। श्रीमती निर्मला त्रिपाठी निवासी दहिया द्वारा प्रस्तुत शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। श्री विजय कुमार निवासी भीटी द्वारा प्रस्तुत शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया संपत्ति अनुभाग द्वारा कुल 04 लाभार्थियों श्री रोहित कुमार मिश्रा, श्री अवनीश कुमार, श्रीमती उषा गुप्ता तथा श्री जयप्रकाश सिंह को दशाश्वमेध प्लाजा के दूकान का आवंटन पत्र दिया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त कैम्प में 25 नोटिस प्रकरणों की सुनवाई की गयी एवं 04 शमन मानचित्र दाखिल कराये गये एवं पहले से दाखिल 05 शमन मानचित्र की ड्राइंग सुधार एवं भूस्वामित्व विषयक आपत्तियों का निराकरण कराया गया, कैम्प में कुल 288 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## तरूणमित्र न्यूज दि0 03.09.2024

# वीडीए के कैम्प में 25 नोटिस प्रकरणों की हुई सुनवाई, चार शमन मानचित्र दाखिल कराये गये

## विधायक रमेश जायसवाल समेत अतिथियों का सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने किया स्वागत

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण अपने 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती के रूप में प्राधिकरण सेवा सप्ताह का आयोजन लगातार कर रहा है। जिसके क्रम में सोमवार को प्राधिकरण सेवा सप्ताह के सप्तम दिवस के अंतर्गत रामनगर आवासीय योजना में कैंप लगाकर जनता की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि रमेश जायसवाल विधायक मुगलसराय, विशिष्ट अतिथि अम्बरीश सिंह भोला सदस्य प्राधिकरण बोर्ड उपस्थित रहें। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत वीडीए सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। जिसके उपरांत सचिव द्वारा सर्वप्रथम मंच से उपस्थित जनता को कैम्प के बारे में जानकारी दी गयी तथा बताया गया कि अपना भू-प्रयोग सम्बंधित जानकारी घर बैठे वी0डी0ए0 की वेबसाइट www.vdavns.com से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य अतिथि रमेश जायसवाल द्वारा अपना मंतव्य व्यक्त करते हुए प्राधिकरण द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के कार्य की सराहना की गयी। विशिष्ट अतिथि अम्बरीश सिंह भोला द्वारा प्राधिकरण द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के कार्य व प्राधिकरण द्वारा भू प्रयोग के ऑनलाइन पहल की सराहना की गयी। आयोजित कैम्प में उपस्थित अतिथियों का वी0डी0ए0 सचिव द्वारा शाल, प्राधिकरण स्मृति चिन्ह तथा पौधा देकर सम्मानित किया गया।



विधायक रमेश जायसवाल, वीडीए के सदस्य अमरीष सिंह भोला व वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा आवंटन पत्र लाभार्थियों को सौंपते हुए

संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल द्वारा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश दुबे जोनल अधिकारी (जोन-5) प्रकाश कुमार अवर अभियंता पी0 एन0 दुबे व वी0डी0ए0 टीम उपस्थित रही संपत्ति अनुभाग द्वारा कुल 04 लाभार्थियों को दशाश्वमेध प्लाजा दुकान का आवंटन पत्र दिया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त कैम्प में 25 नोटिस प्रकरणों की सुनवायी की गयी एवं 04 शमन मानचित्र दाखिल कराये गये एवं पहले से दाखिल 05 शमन मानचित्र को ड्राइंग सुधार एवं भूस्वामित्व विषयक आपत्तियों का निराकरण कराया गया, कैम्प में कुल 288 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।